हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

बुधवार, 25 मार्च, 2015/4 चैत्र, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 4

कर्मचारियों के स्थानान्तरण

*779 **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2013 तक सरकार ने विभिन्न विभागों में कितने-कितने स्थानान्तरण किये, इनमें से कितने प्रशासनिक आधार पर किये गये और कितने जनप्रतिनिधियों के अर्द्धशासकीय पत्रों (DOs) के आधार पर किये गये; और

(ख) इन स्थानान्तरित किये गये कर्मचारियों में से कितने न्यायालय की शरण में गये और कितनों के स्थानान्तरण रद्द हुये या उन्हें समायोजित किया; जिलावार व विभागवार पूर्ण विवरण दें ?

कर्मचारियों/अधिकारियों के स्थानान्तरण

*1178 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर) :**
श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में 1 दिसम्बर, 2013 से 15 जुलाई, 2014 तक कुल कितने कर्मचारियों/ अधिकारियों के तबादले विभिन्न विभागों/बोर्डों/निगमों एवं अथॉरटी में किए गए; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार ने क्या स्थानान्तरण नीति पर "17 Clause" लगाई थी; और

(ग) कितने स्थानान्तरण विभिन्न विधायकों/चेयरमैन/वाईस चेयरमैन एवं अन्य पदाधिकारियों के D.O. Notes पर किए गए; ब्यौरा अल्प ठहराव में छूट; 1%Quota व नियमों में छूट सहित दें ?

कर्मचारियों के स्थानान्तरण

***1408 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 16.5.2014 के उपरान्त सुजानपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के कर्मचारियों के कितने स्थानान्तरण किए गए; ब्यौरा विभागशः श्रेणीवार दें ?

कर्मचारियों के स्थानान्तरण

***1484 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 16 जुलाई, 2014 से 31 अक्तूबर, 2014 तक प्रदेश में सरकार ने कितने कर्मचारियों के स्थानान्तरण किए; ब्यौरा विभागशः दें; और

(ख) दिनांक 1 दिसम्बर, 2013 से 31 अक्तूबर, 2014 तक माननीय उच्च न्यायालय ने कितने तबादलों पर रोक लगाई और कितने रद्द किए; ब्यौरा दें ?

शिमला : 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 1 मार्च, 2015. **सचिव।**